भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 876

दिनांक 23 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

राजस्थान में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का कार्यान्वयन

876. श्री हरीश चंद्र मीनाः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास मई, 2026 की स्थिति के अनुसार राजस्थान में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ इसके पूर्ण और लंबित चरणों का ब्यौरा है;

(ख) परियोजना के अंतर्गत कार्यान्वयन, निगरानी और जल प्रबंधन गतिविधियों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) टोंक, सवाई माधोपुर, कोटा और बूंदी के शुष्क जिलों में पानी का न्यायसंगत और निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित करने के लिए क्या पहल की गई हैं;

(घ) राज्य में जल संरक्षण को सुदृढ़ करने और कनिष्ठ तकनीकी व क्षेत्र-स्तरीय कर्मियों के प्रशिक्षण सहित स्थानीय क्षमता का निर्माण करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2026 के अंत तक कृषि क्षेत्र को संधारणीय सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत राजस्थान लाभार्थी राज्य नहीं है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से संबंधित परियोजना के चरण-I और चरण-II कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और अनुमोदित समय-सीमा के अनुसार प्रगति कर रहे हैं।

(ख): केन-बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों सहित परियोजना से जुड़े सभी हितधारक, आयोजना, कार्यान्वयन, मॉनीटरिंग और जल प्रबंधन गतिविधियों में अपनी निर्धारित भूमिकाओं के अनुसार कार्य कर रहे हैं।

(ग) से (ङ): प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि केन-बेतवा लिंक परियोजना राजस्थान के किसी जिले को शामिल नहीं करती है।

*****